gradeup

# साप्ताहिक वन लाइनर्स

## 15-21 अप्रैल 2021









# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 15-21 अप्रैल 2021

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट तीसरे **सप्ताह** (15-21) **अप्रैल 2021** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. किस ई-कॉमर्स कंपनी ने भारत में सबसे पुराने ट्रैवल बुकिंग पोर्टल्स में से एक क्लियरट्रिप में 100% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की घोषणा की________**फ्लिपकार्ट।**

   **नोट:**
   - क्लियरट्रिप एक अलग ब्रांड के रूप में काम करना जारी रखेगा और फ्लिपकार्ट के साथ मिलकर प्रौद्योगिकी समाधानों को विकसित करने का काम करेगा।
   - यद्यपि अधिग्रहण की शर्तों का खुलासा नहीं किया गया था, लेकिन सौदे में नकदी और इक्विटी का मिश्रण होने की संभावना है, जो आपात बिक्री के समय ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट का संभावित मूल्यांकन लगभग 40 मिलियन डॉलर करता है।

2. किस सोशल मीडिया कंपनी ने भारत में नवीकरणीय ऊर्जा खरीद के लिए एक स्थानीय कंपनी की पवन ऊर्जा परियोजना से करार किया है, जो कंपनी का देश में पहला ऐसा समझौता है _________**फेसबुक।**

   **नोट:**
   - कर्नाटक में स्थित 32 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना, पवन और सौर परियोजनाओं के एक बड़े समूह का हिस्सा है, जिसके लिए फेसबुक और मुंबई स्थित क्लीनमैक्स भारत की इलेक्ट्रिकल ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति हेतु मिलकर काम कर रहे हैं।
   - क्लीनमैक्स परियोजनाओं का स्वामित्व धारक होगा और परिचालन करेगा, जबकि फेसबुक पर्यावरण विशेषता प्रमाण पत्र, या कार्बन क्रेडिट का उपयोग करके ग्रिड से बिजली खरीदेगा।

3. किस कॉरपोरेट समूह ने अपनी संपत्तियों में स्वच्छ ऊर्जा दक्षता पहलों को लागू करके अपने समग्र कार्बन पदचिह्न को कम करने के लिए एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं__________ **ओबेरॉय ग्रुप।**

   **नोट:**
   - EESL ऊर्जा बचाने और उत्सर्जन कम करने के अवसरों के मूल्यांकन के लिए ओबेरॉय ग्रुप होटल्स के साथ मिलकर काम करेगा।
   - यह भारत सरकार की ऊर्जा सेवा कंपनी (ESCO) और दुनिया की सबसे बड़ी ESCO है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह 4 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) - NTPC लिमिटेड, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन, REC लिमिटेड और पॉवरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड का संयुक्त उद्यम है और EESL विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत काम करता है।

**4.** कौन सी वित्तीय संस्था भारतीय वित्तीय संस्थानों की संकटग्रस्त संपत्तियों के समाधान में मदद करने के लिए जे.फ्लॉवर्स इंडिया अपॉर्च्युनिटीज फंड में 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी ________ **इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन (IFC)।**

**नोट:**

- यह निवेश भारत में IFC के डिस्ट्रेस्ड एसेट रिकवरी प्रोग्राम (DARP) का हिस्सा है।
- प्रारंभ में, IFC 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा।
- यह घरेलू उधारदाताओं (भारत में ऋणदाताओं) को अपनी संकटग्रस्त संपत्ति का समाधान करने और नए ऋण देने के लिए पूंजी को मुक्त करने में मदद करेगा।
- यह मध्यम आकार की कंपनियों को नौकरियां सुरक्षित करने और महामारी के दौरान दिवालिया होने से बचने की सुविधा प्रदान करेगा।

**5.** किस स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपनी डिजिटल पैठ को मजबूत करने और अपने ग्राहकों को व्यक्तिगत ऋण के लिए तैयार करने हेतु फाइनटेक कंपनी NIRA के साथ साझेदारी की है_______ **उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक।**

**नोट:**

- यह USFB की पहली डिजिटल ऋण साझेदारी थी।
- वेतनभोगी ग्राहक NIRA ऐप का उपयोग करके व्यक्तिगत ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं, जो निम्न-आय वाले वेतनभोगी वर्ग को निधि देगा।
- इसका उद्देश्य व्यक्तिगत ऋण के माध्यम से असेवित और अनर्जित ग्राहकों की सेवा करना है।

**6.** किस बैंक ने अपने ग्राहकों को 'सेंड मनी अब्रॉड' के माध्यम से 150 देशों में 100 से अधिक मुद्राओं में इंटरनेशनल फंड ट्रांसफर (विदेश में पैसा भेजना) करने की अनुमति दी है_______ **एक्सिस बैंक।**

**नोट:**

- उपयोगकर्ता किसी भी प्रयोजनों जैसे कि शिक्षा शुल्क भुगतान, परिवार के भरण-पोषण, और स्वास्थ्य संबंधी खर्चों के लिए 25,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 18.63 लाख रुपये) प्रति लेनदेन तक भेज सकते हैं।
- एक्सिस बैंक सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन (SWIFT) मोड के माध्यम से वैश्विक बैंकों को धन हस्तांतरित करता है।
- SWIFT एक कोऑपरेटिव है जो सुरक्षित वित्तीय लेनदेन प्रदान करता है क्योंकि यह प्रत्येक वित्तीय संगठन के लिए या तो 8 अक्षरों या 11 अक्षरों का एक अद्वितीय कोड प्रदान करता है।

**7.** किस टेक कंपनी ने 19.7 बिलियन डॉलर में AI स्पीच टेक फर्म नुऐंस खरीदी है________ **माइक्रोसॉफ्ट।**

**नोट:**

- इस कदम से माइक्रोसॉफ्ट को आवाज पहचानने में मदद मिलेगी और इसे स्वास्थ्य देखभाल बाजार में प्रोत्साहन प्रदान करेगी।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- नुऐंस अपने ड्रैगन सॉफ्टवेयर के लिए प्रख्यात है जो डीप लर्निंग का उपयोग करके भाषण प्रतिलेखन में मदद करता है। 2016 में, माइक्रोसॉफ्ट ने लिंक्डइन को 26 बिलियन डॉलर में खरीदा था।

**8.** किस बैंक ने मोबाइल आधारित उपभोक्ता-अनुकूल भुगतान समाधान 'पे बाय बैंक ऐप' जो भारत में अपनी तरह की पहली भुगतान कार्यात्मकता है, को लॉन्च करने के लिए मास्टर-कार्ड के साथ साझेदारी की__________ **RBL बैंक।**

**नोट:**

- RBL बैंक के खाताधारक अब अपने मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन के माध्यम से स्टोर और ऑनलाइन मोड में दुनिया भर में संपर्क रहित लेनदेन का आनंद उठा सकते हैं।
- यह कार्यात्मकता मास्टरकार्ड स्वीकार करने वाले दुनिया भर के सभी मर्चेंट पर उपलब्ध होगी, जो संपर्क रहित और ऑनलाइन भुगतान स्वीकार करते हैं।

**9.** भारतीय रिजर्व बैंक ने किसकी अध्यक्षता में वित्तीय क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र में एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियों (ARC) के कामकाज की व्यापक समीक्षा हेतु एक छह सदस्यीय समिति का गठन किया है________**सुदर्शन सेन।**

**नोट:**

- छह सदस्यीय समिति की अध्यक्षता भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के पूर्व कार्यकारी निदेशक, सुदर्शन सेन करेंगे।
- समिति की संदर्भ शर्तों के अनुसार, समिति ARC पर लागू मौजूदा कानूनी और नियामक ढांचे की समीक्षा करेगी और ARC की क्षमता में सुधार के उपायों की सिफारिश करेगी।

**10.** राष्ट्र के स्वामित्व वाली भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) ने डिजिटल भुगतान सुविधा के लिए किसे नियत किया है________**पेटीएम।**

**नोट:**

- नए अनुबंध के लिए एक सरल भुगतान प्रक्रिया, व्यापक भुगतान विकल्प विविधता और भुगतान चैनलों में अधिक कंपनियों (बैंकों, वॉलेट आदि) को जोड़ने की आवश्यकता है।
- LIC ने महामारी के बाद डिजिटल भुगतान में वृद्धि देखी है।
- निगम डिजिटल मोड से 60,000 करोड़ रुपये का प्रीमियम संग्रह करता है, जिसमें बैंकों के माध्यम से किया गया भुगतान शामिल नहीं है।
- इसमें लगभग 8 करोड़ डिजिटल लेनदेन देखे गए हैं और यह संख्या तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।

**11.** किस बैंक ने बांग्लादेश, भारत, इंडोनेशिया और फिलीपींस के ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में निम्न आय वाले परिवारों को आवास ऋण प्रदान करने के लिए माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस (MFI) की सहायता हेतु हैबिटाट फॉर ह्यूमैनिटी इंटरनेशनल के साथ भागीदारी की है________ **ADB।**

**नोट:**

- अर्ध-स्थायी संरचनाओं को उन्नत बनाकर और स्वच्छता एवं पेयजल कनेक्शन स्थापित करके निर्माण की गुणवत्ता और जलवायु लचीलापन में सुधार के लिए, पहले चरण में साथी MFI द्वारा लगभग 20,000 परिवारों को ऋण दिया जाएगा।
- पहले चरण में वाणिज्यिक बैंक MFI को आवास ऋण हेतु 30 मिलियन डॉलर का वित्तपोषण प्रदान करेंगे।

**12.** कौन सी डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा कंपनी यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) पर 1 बिलियन लेनदेन पार करने वाली पहली कंपनी बन गई है__________**फोनपे।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- कंपनी ने मार्च 2021 में वॉलेट, कार्ड और UPI भुगतान पेशकश में अपने प्लेटफॉर्म पर 1.3 बिलियन से अधिक लेनदेन को पार किया।
- फोनपे ने UPI लेनदेन में फरवरी 2021 में 975.53 मिलियन तक वृद्धि देखी है जो दिसंबर 2020 में 902.03 मिलियन थी।

**13.** एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (AICIL) ने ग्रामीण भारत में बीमा पैठ बनाने के लिए किस बीमा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के साथ साझेदारी की है________**ग्रैमकवर।**

**नोट:**

- इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य उपयोगी ग्रामीण बीमा उत्पादों को पहचानना और विकसित करना है जो किसानों की सहायता कर सकें।
- इसका उद्देश्य भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा कवरेज को भी बढ़ाना है।
- इस साझेदारी के तहत उन्होंने लगभग 25 मिलियन किसानों तक पहुंचने की योजना बनाई है।

**14.** जे.एन. पोर्ट कंटेनर टर्मिनल (JNPCT) के निजीकरण के लिए जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (JNPT) द्वारा लेनदेन सलाहकार के रूप में किसे नियुक्त किया गया है ______**SBI कैपिटल मार्केट लिमिटेड।**

**नोट:**

- JNPT ने दिसंबर 2020 में सार्वजनिक-निजी-साझेदारी (PPP) मार्ग के माध्यम से JNPCT के निजीकरण की योजना बनाई थी, और इसका मूल्यांकन बंदरगाह, पोत-परिवहन और जलमार्ग (MoPSW) मंत्रालय में स्थायी वित्त समिति (SFC) द्वारा किया गया था।
- JNPT ने SBI कैप्स को PPP परियोजना के लेनदेन सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है, जिसकी लागत 863.31 करोड़ रुपये है।
- यह JNPT के पांच कंटेनर टर्मिनलों में से एक है और इसने एक वर्ष में 1.35 मिलियन ट्वेंटी-फुट इक्यूवैलेंट यूनिट (TEU) प्रबंधित की हैं (वित्तीय वर्ष 20 में 718,863 TEU से वित्त वर्ष 21 में 544,027 TEU)।

## श्रद्धांजलियां

**1.** प्रसिद्ध खिलाड़ी अहमद हुसैन लाला का कोविड-19 के कारण निधन हो गया, वे किस खेल से संबंधित थे_______**फुटबॉल।**

**नोट:**

- उन्होंने 1956 के मेलबर्न ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जहां भारत चौथे स्थान पर रहा।
- इसके अलावा, वह 1951 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के भी सदस्य थे।
- अहमद ने 1958 में जापान के टोक्यो में हुए एशियाई खेलों में भी भाग लिया, जिसमें भारत चौथे स्थान पर रहा।

**2.** प्रसिद्ध डॉ. ककरला सुब्बा राव, जिन्होंने निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (NIMS), हैदराबाद के पहले निदेशक के रूप में कार्य किया, का हाल ही में उनका निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे _________ **रेडियोलॉजिस्ट।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- राव को चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा 2000 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।
- वह संयुक्त राज्य अमेरिका में तेलुगु भाषी लोगों के लिए एक छत्रीय संगठन, तेलुगु एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (TANA) के संस्थापक अध्यक्ष थे।

**3.** पूर्व केंद्रीय मंत्री बच्ची सिंह रावत का हाल ही में निधन हो गया है, वह किस राजनीतिक दल से जुड़े थे________**भाजपा।**

**नोट:**

- वह उत्तराखंड में अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ निर्वाचन क्षेत्र से चार बार के सांसद थे।
- उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया था।

**4.** राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुमित्रा भावे का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थीं________**फिल्म निर्माता।**

**नोट:**

- वह अपनी अलग सोच और अपनी फिल्मों में सामाजिक मुद्दों को उठाने के लिए जानी जाती थीं।
- सुमित्रा और सुनील की जोड़ी ने एक साथ कई लोकप्रिय फिल्मों जैसे दोघी, दहावी फा, वास्तुपुरुष, देवराई, बाधा, एक कप चाय, संहिता, अस्तू, कासव का निर्देशन किया।

**5.** अनुभवी लेखक गंजम वेंकटसुब्बियाह का हाल ही में निधन हो गया; वह किस भाषा के लेखक थे________**कन्नड़।**

**नोट:**

- उन्हें आमतौर पर अपने साहित्यिक मंडल में कन्नड़ भाषा और संस्कृति के चलते-फिरते विश्वकोश के रूप में जाना जाता था।
- प्रोफेसर जी. वेंकटसुब्बियाह ने 12 शब्दकोशों का संकलन किया और लगभग 60 पुस्तकें लिखीं।
- उन्हें कन्नड़ साहित्य, कविता, निबंध और अनुवाद में निपुणता के लिए 2017 में पद्मश्री मिला।

**6.** प्रसिद्ध व्यक्ति चार्ल्स गेश्के का हाल ही में निधन हो गया, वे एक कंप्यूटर वैज्ञानिक और किस कंपनी के संस्थापक थे________**एडोब इंक।**

**नोट:**

- अमेरिकी कंप्यूटर वैज्ञानिक चार्ल्स गेश्के, जिन्हें ग्राफिक्स और पब्लिशिंग सॉफ्टवेयर कंपनी एडोब इंक के सह-संस्थापक के रूप में जाना जाता है, का निधन हो गया है।
- गेश्के ने 1982 में साथी जॉन वॉरनॉक के साथ एडोब कंपनी की सह-स्थापना की।
- गेश्के, जिन्हें व्यापक रूप से चक के नाम से जाना जाता था, ने लोकप्रिय पोर्टेबल डाक्यूमेंट फॉर्मेट (PDF) को विकसित करने में भी मदद की।

**7.** भारतीय बैंकिंग सुधार के जनक के रूप में विख्यात भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर, जिनका हाल ही में निधन हो गया________**मैदावोलु सरसिम्हन।**

**नोट:**

- वह RBI के 13वें गवर्नर थे और 2 मई, 1977 से 30 नवंबर, 1977 तक सेवा में रहे।
- वह बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में सुधारों पर दो उच्चस्तरीय समितियों के अध्यक्ष होने के लिए जाने जाते थे।

**8.** प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, राजनयिक, और वकील वाल्टर मोंडेल का हाल ही में निधन हो गया, वह किस देश के पूर्व उप-राष्ट्रपति थे ________**अमेरिका।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- अमेरिका के 42वें उप-राष्ट्रपति के रूप में कार्य करने वाले पूर्व अमेरिकी राजनेता, राजनयिक और वकील वाल्टर मोंडेल का निधन हो गया।
- उन्होंने राष्ट्रपति जिमी कार्टर के कार्यकाल में 1977 से 1981 तक उप-राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। उन्होंने बिल क्लिंटन के अंतर्गत 1993 से 1996 तक जापान में अमेरिकी राजदूत के रूप में भी कार्य किया।

**9.** प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ भूमिधर बर्मन का हाल ही में निधन हो गया, वह किस राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री थे________**असम।**

**नोट:**

- भूमिधर बर्मन ने दो बार असम के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया था। उनका पहला कार्यकाल 22 अप्रैल 1996 से 14, मई 1996 के बीच और दूसरा कार्यकाल 2010 के दौरान था। दोनों अवधि के दौरान उन्होंने अंतरिम मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया।
- वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC) से संबंधित थे और उन्होंने बारखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र का भी प्रतिनिधित्व किया।

## महत्वपूर्ण दिवस

**1.** विश्व हीमोफिलिया दिवस हीमोफिलिया और अन्य रक्तस्राव विकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए दुनिया भर में किस दिन मनाया जाता है _______**17 अप्रैल।**

**नोट:**

- यह दिवस हीमोफिलिया से पीड़ित लोगों को बेहतर निदान और देखभाल तक पहुंच प्रदान करने का प्रयास है।
- 17 अप्रैल को वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ हीमोफिलिया के संस्थापक फ्रैंक श्नेबल की जयंती है।
- विश्व हीमोफीलिया दिवस 2021 का विषय “Adapting to change: sustaining care in a new world”

**2.** हर वर्ष 18 अप्रैल को मनाए जाने वाले विश्व धरोहर दिवस का विषय क्या है_______ **Complex Pasts: Diverse Futures.**

**नोट:**

- इसका उद्देश्य ऐतिहासिक स्मारकों और स्थलों को बढ़ावा देना भी है जिसके माध्यम से हम वास्तव में एक समुदाय की सांस्कृतिक अखंडता को संरक्षित कर सकते हैं।
- इस वर्ष का विषय “Complex Pasts: Diverse Futures” विविधता के अधिक समावेश और मान्यता के लिए वैश्विक आह्वन को स्वीकार करने की आवश्यकता को दर्शाता है।

**3.** विश्व यकृत दिवस हर वर्ष मनाया जाता है _____**19 अप्रैल।**

**नोट:**

- मस्तिष्क के अपवाद के साथ, यकृत शरीर का दूसरा सबसे बड़ा और सबसे जटिल अंग है।
- यकृत की बीमारियां हेपेटाइटिस A, B, C, शराब और ड्रग्स के कारण हो सकती हैं।
- वायरल हेपेटाइटिस दूषित भोजन और पानी के सेवन, असुरक्षित यौन व्यवहार और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के कारण होता है।

**4.** संयुक्त राष्ट्र चीनी भाषा दिवस हर वर्ष विश्व स्तर पर मनाया जाता है _____**20 अप्रैल।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- इस दिवस को कैन्जी को श्रद्धांजलि देने के लिए चुना गया है, जो एक पौराणिक व्यक्ति है, जिनके विषय में ऐसा माना जाता है कि लगभग 5,000 वर्ष पहले उन्होंने चीनी अक्षरों का आविष्कार किया था।
- पहला चीनी भाषा दिवस 2010 में 12 नवंबर को मनाया गया था, लेकिन 2011 से तारीख 20 अप्रैल है।

**5.** भारत में, राष्ट्रीय लोक सेवा दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है_________**21 अप्रैल।**

**नोट:**

- यह केंद्र और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों में, लोक प्रशासन में लगे अधिकारियों द्वारा किए गए आश्चर्यजनक कार्यों की सराहना करने का दिवस है।
- भारत सरकार ने 21 अप्रैल को राष्ट्रीय लोक सेवा दिवस के रूप में चुना था क्योंकि इस दिन देश के पहले गृह मंत्री, सरदार वल्लभभाई पटेल ने 1947 में नव नियुक्त प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को संबोधित किया था।

**6.** विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस हर वर्ष विश्व स्तर पर कब मनाया जाता है _________**21 अप्रैल।**

**नोट:**

- यह दिवस संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों, जिसे "वैश्विक लक्ष्यों" के रूप में भी जाना जाता है, को आगे बढ़ाने के संबंध में समस्या-समाधान में रचनात्मकता और नवाचार के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है।
- दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को नए विचारों का उपयोग करने, नए निर्णय लेने और रचनात्मक सोच रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। रचनात्मकता अत्यधिक आवश्यक है।

## नई नियुक्तियां

**1.** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्थापित नियामक समीक्षा प्राधिकरण (RRA) 2.0 का प्रमुख किसे नियुक्त किया गया है, जो नियामक के आदेशों की समीक्षा करेगा_______**एम. राजेश्वर राव।**

**नोट:**

- प्राधिकरण सरलीकरण और कार्यान्वयन में आसानी के लिए RBI की विनियमित संस्थाओं से सुझाव मांगने के साथ-साथ आंतरिक आदेशों की भी समीक्षा करेगा।
- डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव को विनियम समीक्षा प्राधिकरण के रूप में नियुक्त किया गया है। प्राधिकरण की वैधता 1 मई, 2021 से एक वर्ष की अवधि के लिए होगी, जब तक कि उसका कार्यकाल RBI द्वारा विस्तारित नहीं किया जाता है।

**2.** किसकी अध्यक्षता में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (NGT) ने वायु गुणवत्ता की स्थिति में सुधार के लिए सुधारात्मक कदमों की निगरानी हेतु आठ सदस्यीय राष्ट्रीय कार्य बल (NTF) का गठन किया है _________**रामेश्वर प्रसाद गुप्ता।**

**नोट:**

- NTF की अध्यक्षता और समन्वय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय सचिव रामेश्वर प्रसाद गुप्ता द्वारा किया जाएगा।
- भारत में पुरानी सांस की बीमारियों से दुनिया में सर्वाधिक मृत्यु दर है और भारत में 1.5 मिलियन लोग वायु प्रदूषण के कारण सालाना मर रहे हैं।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों के साथ त्रैमासिक बैठकों के माध्यम से अन्य गैर-प्रदूषित शहरों के साथ-साथ सभी गैर-प्राप्ति शहरों में वायु गुणवत्ता मानकों के प्रवर्तन की निगरानी करेगा।

**3.** मुरली एम. नटराजन कि बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ हैं जिनकी पुनर्नियुक्ति को भारतीय रिजर्व बैंक ने द्वारा मूंजर किया गया है_____**DCB बैंक।**

**नोट:**

- उन्हें मई 2009 में DCB बैंक का MD और CEO नियुक्त किया गया था।
- DCB में शामिल होने से पहले, नटराजन ने विदेशी बैंकों- स्टैंडर्ड चार्टर्ड और सिटी बैंक के साथ काम किया है।

**4.** राउल कास्त्रो के इस्तीफे के बाद, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ क्यूबा के प्रथम सचिव की आधिकारिक रूप से किन्हें शपथ दिलाई गई थी________**मिगेल मारियो डियाज-कैनेल।**

**नोट:**

- कम्युनिस्ट पार्टी का सचिव क्यूबा में शासन करने वाली एक पार्टी में सबसे शक्तिशाली पद है। डियाज-कैनेल अब क्यूबा के दो सबसे महत्वपूर्ण पद पर हैं, पार्टी के प्रमुख और राष्ट्र के राष्ट्रपति।
- राउल कास्त्रो ने घोषणा की कि वह पार्टी के प्रमुख पद से हटेंगे और युवा पीढ़ी को नेतृत्व सौंपेंगे।

**5.** उस भारतीय क्रिकेटर का नाम बताइए, जिसे प्रमुख जर्मन स्पोर्ट्सवियर ब्रांड प्यूमा इंडिया का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है______**वाशिंगटन सुंदर और देवदत्त पडिक्कल।**

**नोट:**

- मार्च 2021 में, प्यूमा ने आईपीएल 2021 सीज़न में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB) के आधिकारिक किट पार्टनर के रूप में हस्ताक्षर किए।
- चेन्नई, तमिलनाडु के वाशिंगटन सुंदर (21 वर्षीय), 2017 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे युवा T20I क्रिकेटर (18 वर्षीय) हैं।
- केरल के एडप्पल से देवदत्त पडिक्कल (20 वर्षीय) एक भारतीय क्रिकेटर है जो अंडर 19 में कर्नाटक और भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**6.** दक्षिण कोरिया के नए प्रधानमंत्री के रूप में किसे नियुक्त किया गया ______**किम बू-क्यूम।**

**नोट:**

- वह पूर्व प्रधानमंत्री चुंग सिय-क्युन की जगह लेंगे जिन्होंने 2022 में राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने के लिए इस्तीफा दे दिया था।
- वर्तमान में, हांग नाम-की दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक प्रधान मंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं।
- उन्हें तब नियुक्त किया जाएगा, जब दक्षिण कोरिया की संसद राष्ट्रपति के नामांकन को मंजूरी देगी।
- राष्ट्रपति ने श्रम, भूमि, विज्ञान, व्यापार और महासचिव मंत्रालय के लिए नए मंत्रियों को भी नामित किया है।

**7.** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश (CJ) के रूप में किसे नियुक्त किया गया है______**न्यायमूर्ति संजय यादव।**

**नोट:**

- उन्होंने 14 अप्रैल 2021 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का कार्यभार संभाला और 13 अप्रैल 2021 को सेवानिवृत्त हुए न्यायमूर्ति गोविंद माथुर की जगह ली।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- कानून एवं न्याय मंत्रालय के अंतर्गत न्याय विभाग ने नियुक्ति के संबंध में सूचित किया।
- न्यायमूर्ति संजय यादव ने 1986 में अपना करियर शुरू किया और जबलपुर में मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय में वकालत की।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. किस तकनीकी कंपनी के साथ भारत के कृषि मंत्रालय ने हाल ही में डिजिटल कृषि को बढ़ावा देने के लिए छह राज्यों के 100 गांवों में प्रायोगिक परियोजना को लागू करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए________**माइक्रोसॉफ्ट।**

   **नोट:**

   - माइक्रोसॉफ्ट 6 राज्यों (उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, राजस्थान और आंध्र प्रदेश) के 10 जिलों के 100 गांवों में एक प्रायोगिक परियोजना शुरू करेगी, जो फसल के बाद के प्रबंधन एवं वितरण सहित स्मार्ट और सुव्यवस्थित कृषि के लिए किसान इंटरफेस विकसित करेगी।
   - इस परियोजना के लिए, माइक्रोसॉफ्ट ने अपने स्थानीय साझेदार, क्रॉपडेटा के साथ समझौता किया है। यह परियोजना एक वर्ष के लिए है और समझौता ज्ञापन पर दोनों पक्ष अपनी लागत वहन करेंगे।

2. इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट द्वारा फेसबुक के साथ जारी 'समावेशी इंटरनेट सूचकांक' 2021 में भारत की रैंक क्या है________**49वां।**

   **नोट:**

   - भारत 2025 तक एक बिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने वाला है।
   - भारत में 2020 में 687.6 मिलियन से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता थे।
   - फेसबुक 'समावेशी इंटरनेट सूचकांक' में 120 देशों को देखा गया, जो वैश्विक GDP के 98 प्रतिशत और वैश्विक आबादी के 96 प्रतिशत को दर्शाता है।

3. पर्यटन मंत्रालय ने किस ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी के साथ विशेष रूप से कोविड के दौरान आतिथ्य और पर्यटन उद्योग को मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए________ **क्लियरट्रिप और ईज़ माई ट्रिप।**

   **नोट:**

   - समझौता ज्ञापन का उद्देश्य OTA प्लेटफॉर्म पर SAATHI (सिस्टम फॉर असेसमेंट, अवेयरनेस एंड ट्रेनिंग फॉर द हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री) पर स्वयं को प्रमाणित करने वाली आवास इकाइयों को व्यापक दृश्यता प्रदान करना है।
   - MoU दोनों पक्षों को NIDHI और SAATHI पर पंजीकरण के लिए इकाइयों और स्थानीय पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है।

4. स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (SISFS) किसने शुरू की, जिसका उद्देश्य अवधारणा, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाजार-प्रवेश, और व्यावसायीकरण के लिए स्टार्टअप को वित्तीय सहायता प्रदान करना है________**पीयूष गोयल।**

   **नोट:**

   - फंड का लक्ष्य अवधारणा प्रमाण, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाजार-प्रवेश और व्यावसायीकरण के लिए स्टार्टअप को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- सरकार ने फंड के लिए 945 करोड़ रुपये की निधि प्रदान की है, जो संपूर्ण भारत में पात्र इनक्यूबेटरों के माध्यम से योग्य स्टार्टअप को बीज वित्तपोषण प्रदान करने के लिए 1 अप्रैल, 2021 से शुरू होने वाले अगले 4 वर्षों में विभाजित की जाएगी। इस योजना में 300 इनक्यूबेटर के माध्यम से अनुमानित 3,600 स्टार्टअप को सहायता मिलने की उम्मीद है।

**5.** हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2021 में भारत की रैंक क्या है_______**84वीं।**

**नोट:**

- भारत सूची में 84वें स्थान पर है, क्योंकि भारतीय नागरिक 58 से अधिक स्थानों पर वीज़ा-फ्री या वीज़ा-ऑन-अराइवल पर जा सकते हैं।
- जापान, सिंगापुर और जर्मनी, दक्षिण कोरिया क्रमशः शीर्ष 3 में हैं।

**6.** अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी और गैर-सरकारी संगठन "रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (RSF) द्वारा जारी नवीनतम विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2021 में भारत की रैंक क्या है_______**142वीं।**

**नोट:**

- रिपोर्ट में भारत को पत्रकारों के लिए दुनिया के सबसे खतरनाक देशों में वर्गीकृत किया गया है।
- भारत 2020 में भी 142वें स्थान पर था।
- भारत को ब्राजील, मैक्सिको और रूस के साथ "खराब" श्रेणी में स्थान दिया गया था। दक्षिण एशिया में नेपाल को 106, श्रीलंका को 127, म्यांमार को 140, पाकिस्तान को 145 और बांग्लादेश को 152वें स्थान पर रखा गया। चीन को 177 और अमेरिका को 44वां स्थान मिला।

**7.** विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा जारी 'क्लाइमेट वल्नरबिलिटी असेसमेंट फॉर एडाप्शन प्लानिंग इन इंडिया यूज़िंग एक कॉमन फ्रेमवर्क' नामक राष्ट्रीय जलवायु भेद्यता आकलन रिपोर्ट के अनुसार, कितने पूर्वी राज्य की पहचान जलवायु परिवर्तन के लिए अत्यधिक संवेदनशील के रूप में की गई है________**आठ।**

**नोट:**

- 8 राज्य हैं - झारखंड, मिजोरम, ओडिशा, छत्तीसगढ़, असम, बिहार, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल।
- सभी राज्यों में, असम, बिहार और झारखंड में 60% से अधिक जिले अति संवेदनशील जिलों की श्रेणी में हैं।

**8.** किस देश के साथ भारत ने नई दिल्ली में एक वर्चुअल कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग पर "सिटीज़ कॉम्बैटिंग प्लास्टिक इंटरिंग द मरीन इनवायरमेंट" नामक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं_______**जर्मनी।**

**नोट:**

- डॉयचे गेलशेचाफ्टफुअर इंटरनेशनेल ज़ुसमेनारबैत (GIZ) GmbH इंडिया ने जर्मनी सरकार की ओर से समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- यह परियोजना सतत शहरी परिवर्तन पर भारत-जर्मनी के द्विपक्षीय विकास सहयोग के तहत एक सहयोगी प्रयास होने की उम्मीद है।
- यह परियोजना राष्ट्रीय स्तर पर चयनित राज्यों (उत्तर प्रदेश, केरल और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) और कानपुर, कोच्चि, पोर्ट ब्लेयर शहरों में की जाएगी।
- परियोजना की अवधि: साढ़े तीन वर्ष।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

9. भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे ने किस देश में आयोजित आर्मी चीफ कॉन्क्लेव में भाग लिया _______ **बांग्लादेश।**

**नोट:**

- कॉन्क्लेव को बंग बंधु सेनानीबास (BBS), बांग्लादेश में 4-12 अप्रैल, 2021 तक आयोजित बहुराष्ट्रीय थल सेना अभ्यास 'शांतिर अंग्रसेना 2021' (शांति के अग्रदूत) की तर्ज पर आयोजित किया गया था।
- कॉन्क्लेव के दौरान, नरवणे ने 'चेंजिंग नेचर ऑफ ग्लोबल कॉन्फिलक्ट्स: रोल ऑफ यूएन पीसकीपर्स' पर एक मुख्य भाषण दिया।
- उन्होंने बांग्लादेश थलसेना के जनरल अजीज अहमद के आमंत्रण पर 8-12 अप्रैल को बांग्लादेश का दौरा किया।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. किस राज्य सरकार ने जन अनुशासन पखवाड़ा (JAP) या सार्वजनिक अनुशासन पखवाड़ा की घोषणा की है__________**राजस्थान।**

**नोट:**

- यह फैसला उस दिन आया जब राज्य ने पहली बार 10,000 नए केसों के आंकड़े को पार किया।
- JAP अनिवार्य रूप से कर्फ्यू का एक विस्तार है जिसे राजस्थान सरकार ने सप्ताहांत के लिए घोषित किया था।
- हालांकि, सरकार ने मुख्य रूप से दोनों से जुड़ी व्याख्याओं के कारण इसे न तो लॉकडाउन कहा है, न ही कर्फ्यू,, जैसा कि अतीत में लागू किए गए हैं।

2. किस राज्य सरकार ने राज्य में बढ़ती कोविड-19 संक्रमण दर की श्रृंखला को तोड़ने के लिए 22 से 29 अप्रैल तक "हेल्थ सेफ्टी वीक" मनाने की घोषणा की है__________**झारखंड।**

**नोट:**

- लोगों को सलाह दी गई है कि वे घर पर रहें और अनावश्यक काम से बाहर न जाएं।
- आवश्यक सेवाएं और चिकित्सा सेवाएं जारी रहेंगी और निजी क्षेत्र, केंद्र और राज्य सरकार के सभी कार्यालय खुले रहेंगे।

3. पहली ऐसी पार्टी कौन सी है जिसने उस संस्था का नाम घोषित किया है जिसने चुनावी बॉन्ड के माध्यम से उसे दान किया_________**झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM)।**

**नोट:**

- पार्टी की 2019-20 योगदान रिपोर्ट में 1 करोड़ रुपये के दान की घोषणा की गई थी।
- झारखंड में सत्तारूढ़ पार्टी की योगदान रिपोर्ट के अनुसार, दान एल्यूमीनियम और तांबा निर्माण कंपनी हिंडाल्को द्वारा किया गया था।

4. हाल ही में जारी की गई 672 करोड़ रुपये की पहली किश्त के लिए किस राज्य में जगन्ना विद्या दीवेना योजना शुरू की गई है_________**आंध्र प्रदेश।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- इसने 10.88 लाख छात्रों की फीस प्रतिपूर्ति की। अब तक कुल 4, 879 करोड़ रुपये जगन्ना विद्या दीवेना योजना के तहत वितरित किए जा चुके हैं।
- जगन्ना विद्या दीवेना योजना का मुख्य उद्देश्य उन सभी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करना है जो अपने वित्तीय बोझ के कारण अपनी फीस का भुगतान करने में सक्षम नहीं हैं।
- यह योजना मुख्य रूप से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य राज्य के 14 लाख से अधिक छात्रों को शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान करना है।

**5.** किस राज्य सरकार ने 2022 तक 'हर घर जल' लक्ष्य हासिल करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई________**पंजाब।**

**नोट:**

- पंजाब में 34.73 लाख ग्रामीण परिवार हैं, जिनमें से 25.88 लाख (74.5%) में नल के पानी की आपूर्ति है।
- 2021-22 में, राज्य की 8.87 लाख नल कनेक्शन देने की योजना है, ताकि हर ग्रामीण परिवार को नल का कनेक्शन प्रदान किया जा सके।
- अब तक, पंजाब में 4-जिलों, 29 ब्लॉकों, 5,715 पंचायतों और 6,003 गांवों को 'हर घर जल' घोषित किया गया है, जिसका अर्थ है कि हर ग्रामीण परिवार की नल के पानी तक पहुंच है।

**6.** किस राज्य को भारत की पहली फ़्लोटिंग स्टोरेज एंड रिगैसिफिकेशन यूनिट (FSRU) प्राप्त हुई _______**महाराष्ट्र।**

**नोट:**

- FSRU आधारित LNG टर्मिनलों का उद्देश्य पर्यावरण के अनुकूल और कुशल तरीके से प्राकृतिक गैस आयात क्षमता को गति प्रदान करना है।
- बंदरगाह महाराष्ट्र का पहला गहरे पानी का 24×7 परिचालित निजी बंदरगाह है।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

**1.** दुनिया के किस देश ने ऐसा विधेयक पेश किया है जिसके लिए बैंकों, बीमा कंपनियों और परिसंपत्ति प्रबंधकों को जलवायु परिवर्तन पर अपने वित्तपोषण के प्रभावों की सूचना देनी होगी_________**न्यूजीलैंड।**

**नोट:**

- दुनिया में अपनी तरह का पहला विधेयक कहा जाने वाला यह विधेयक इस सप्ताह देश की संसद में पहली बार पढ़ा जाएगा।
- द्वीप राष्ट्र कार्बन उत्सर्जन में कटौती की कोशिश में सबसे आगे रहा है और देश ने 2025 तक अपने सार्वजनिक क्षेत्र के कार्बन को तटस्थ बनाने का संकल्प लिया है।
- यह वित्तीय कंपनियों को उन कंपनियों के मूल्यांकन के लिए भी बाध्य करेगा, जो पर्यावरणीय प्रभावों के संदर्भ में ऋण दे रही हैं।

**2.** किस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट ने समावेशी इंटरनेट सूचकांक 2021 जारी किया________**फेसबुक।**

**नोट:**

- भारत 2025 तक एक बिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने वाला है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- भारत में 2020 में 687.6 मिलियन से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता थे।
- फेसबुक 'समावेशी इंटरनेट सूचकांक' में 120 देश रखे गए हैं, जो वैश्विक GDP के 98 प्रतिशत और वैश्विक आबादी के 96 प्रतिशत को दर्शाते हैं।

**3.** हाल ही में, किस देश ने भारत में खाद्य प्रसंस्करण सुविधाओं से युक्त अपनी पहली मेगा फूड पार्क परियोजना शुरू की है_________**इटली।**

**नोट:**

- प्रायोगिक परियोजना "द मेगा फूड पार्क" को वर्चुअल मोड में मुंबई में ICE कार्यालय और गुजरात के फैनीधर मेगा फूड पार्क के बीच लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर करके लॉन्च किया गया था।
- परियोजना का मुख्य उद्देश्य कृषि और उद्योग के बीच संपर्क विकसित करना है।
- इसके अलावा, परियोजना क्षेत्र में कुशल प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान और विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी।

**4.** सितंबर 2021 में पहली यूनाइटेड नेशंस फूड सिस्टम समिट 2021 किस शहर में आयोजित की गई ___________ **न्यूयॉर्क, अमेरिका।**

**नोट:**

- यह समिट 2030 तक सतत विकास लक्ष्य (SDG) हासिल करने के लिए डेकेड टू एक्शन (2020-30) का एक भाग है।
- शिखर सम्मेलन सभी 17 SDG पर प्रगति प्रदान करने के लिए नए कार्यों का शुभारंभ करेगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अन्य वैश्विक नेताओं के साथ आयोजन में भाग लेंगे।
- शिखर सम्मेलन का उद्देश्य कृषि-खाद्य प्रणालियों में सकारात्मक बदलाव के लिए कार्यों को रणनीतिक बनाना है।

**5.** हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2021 में किस देश का पासपोर्ट सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट घोषित किया गया है______ **जापान।**

**नोट:**

- भारत सूची में 84वें स्थान पर है, क्योंकि भारतीय नागरिक 58 से अधिक स्थानों पर वीज़ा-फ्री या वीज़ा-ऑन-अराइवल पर जा सकते हैं।
- जापानी पासपोर्ट धारकों के पास अफगानिस्तान के नागरिकों की तुलना में 167 अधिक स्थानों के लिए वीज़ा-फ्री या वीज़ा-ऑन-अराइवल है, जो रैंकिंग में सबसे नीचे हैं क्योंकि वे पूर्व वीज़ा की आवश्यकता के बिना केवल 26 स्थानों पर जा सकते हैं।

**6.** अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी और गैर-सरकारी संगठन "रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (RSF) द्वारा जारी विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2021 में किस देश को प्रथम स्थान मिला_______**नॉर्वे।**

**नोट:**

- रिपोर्ट में भारत को पत्रकारों के लिए दुनिया के सबसे खतरनाक देशों में शामिल किया गया है।
- भारत 2020 में भी 142वें स्थान पर था।
- भारत को ब्राजील, मैक्सिको और रूस के साथ "खराब" श्रेणी में स्थान दिया गया था। दक्षिण एशिया में नेपाल को 106, श्रीलंका को 127, म्यांमार को 140, पाकिस्तान को 145 और बांग्लादेश को 152वें स्थान पर रखा गया। चीन को 177 और अमेरिका को 44वां स्थान मिला।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**7.** अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी और गैर-सरकारी संगठन “रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (RSF) द्वारा जारी विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2021 में कौन सा देश सबसे नीचे है__________ **इरिट्रिया।**

**नोट:**

- रिपोर्ट में भारत को पत्रकारों के लिए दुनिया के सबसे खतरनाक देशों में शामिल किया गया है।
- भारत 2020 में भी 142वें स्थान पर था।
- भारत को ब्राजील, मैक्सिको और रूस के साथ "खराब" श्रेणी में स्थान दिया गया था। दक्षिण एशिया में नेपाल को 106, श्रीलंका को 127, म्यांमार को 140, पाकिस्तान को 145 और बांग्लादेश को 152वें स्थान पर रखा गया। चीन को 177 और अमेरिका को 44वां स्थान मिला।

**8.** अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) द्वारा जारी ‘ग्लोबल एनर्जी रिव्यू 2021’ के अनुसार, वैश्विक CO2 उत्सर्जन 2020 की तुलना में 2021 में कितने प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है________**5 प्रतिशत।**

**नोट:**

- यह 2010 के बाद से उत्सर्जन में सबसे बड़ी वार्षिक वृद्धि होगी।
- CO2 उत्सर्जन में वृद्धि का प्रमुख कारण कोयले की मांग में वृद्धि है। 2021 में कोयला 4.5% बढ़ेगा।
- रिपोर्ट विश्व ऊर्जा और CO2 उत्सर्जन में नवीनतम रुझानों पर IEA का वार्षिक अपडेट है।

## सम्मान एवं पुरस्कार

**1.** किसे लगातार दूसरे वर्ष के लिए विजडन लीडिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर नामित किया गया है________**बेन स्टोक्स।**

**नोट:**

- 29 वर्षीय स्टोक्स 2004 में पुरस्कार की स्थापना के बाद से दो बार पुरस्कार जीतने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी हैं।
- उन्होंने सात मैचों में 641 के साथ, 2020 में किसी अन्य बल्लेबाज की तुलना में अधिक टेस्ट रन बनाए और 19 विकेट भी लिए हैं।
- कैंट के ऑलराउंडर डेरेन स्टीवंस 1933 के बाद से विजडन के पांच क्रिकेटरों में नामित होने वाले पहले वरिष्ठतम व्यक्ति बन गए।

**2.** विजडन द्वारा किसे 2021 'लीडिंग वूमन क्रिकेटर इन द वर्ल्ड' पुरस्कार किन्हें दिया गया है________ **बेथ मूनी।**

**नोट:**

- मूनी को T20 वर्ल्ड कप प्लेयर चुने जाने के बाद पुरस्कार के लिए पसंदीदा माना गया था, जिसमें उन्होंने भारत के खिलाफ MCG में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की जीत में बड़ी भूमिका निभाई, जिसमें नाबाद 81, 60, 28 और नाबाद 78 रन की पारी खेली।

**3.** 2020 ACM AM ट्यूरिंग अवार्ड का विजेता किन्हें घोषित किया गया है जिसे कंप्यूटिंग का नोबेल पुरस्कार कहा जाता है________**अल्फ्रेड वैनो अहो और जेफ्री डेविड उल्मन।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- प्रोग्रामिंग भाषा कार्यान्वयन पर मूलभूत एल्गोरिदम और सिद्धांत के लिए उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया।
- इस पुरस्कार को कम्प्यूटिंग का नोबेल पुरस्कार भी कहा जाता है।
- अल्फ्रेड वैनो अहो कोलंबिया यूनिवर्सिटी में लॉरेंस गुसमैन प्रोफेसर एमेरिटस ऑफ कंप्यूटर साइंस हैं।
- जेफ्री डेविड उल्मन स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में स्टैनफोर्ड डब्ल्यू. एसकरमैन प्रोफेसर एमेरिटस ऑफ कंप्यूटर साइंस हैं।

## खेल समाचार

1. इमोला, इटली में एमिलिया रोमैग्ना F1 ग्रांड प्रिक्स 2021 किसने जीती______**मैक्स वेर्स्टाप्पेन।**

   **नोट:**

   - यह जीत उनकी सत्र की पहली जीत है। यह रेस 2021 फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप का दूसरा दौर था।
   - सात बार के फॉर्मूला वन चैंपियन लुईस हैमिल्टन (मर्सिडीज-ग्रेट ब्रिटेन) मर्सिडीज टीम के साथी वाल्टेरी बोटास के साथ एक दुर्घटना के बाद दूसरे स्थान पर रहे।
   - लैंडो नॉरिस (मैकलारेन - ग्रेट ब्रिटेन) ने तीसरा स्थान हासिल किया।

2. सीनियर एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप का 34वां संस्करण किस देश में आयोजित किया गया था______**कजाकिस्तान।**

   **नोट:**

   - यह प्रतिस्पर्धा एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप का 34वां संस्करण था।
   - भारत पदक तालिका में 14 पदक जीतकर तीसरे स्थान पर आया।
   - पदकों में 5 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं।
   - ईरान और कजाकिस्तान 17 पदक के साथ पदक तालिका में सबसे ऊपर हैं।

3. उन भारतीय महिला पहलवान का नाम बताइए जिसने सीनियर एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप 2021 के 34वें संस्करण क53 किग्रा महिला फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता_________**विनेश फोगाट।**

   **नोट:**

   - यह प्रतिस्पर्धा एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप का 34वां संस्करण था।
   - भारत पदक तालिका में 14 पदक जीतकर तीसरे स्थान पर आया।
   - पदकों में 5 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं।
   - ईरान और कजाकिस्तान 17 पदक के साथ पदक तालिका में सबसे ऊपर हैं।
   - भारतीय स्वर्ण पदक विजेता हैं:

     1) रवि कुमार दहिया - 57 किग्रा पुरुष फ्रीस्टाइल
     2) विनेश फोगाट - 53 किग्रा महिला फ्रीस्टाइल
     3) अंशु मलिक - 57 किग्रा महिला फ्रीस्टाइल
     4) सरिता मोर - 59 किग्रा महिला फ्रीस्टाइल
     5) दिव्या करन - 72 किग्रा महिला फ्रीस्टाइल

4. मीराबाई चानू किस खेल से संबंधित हैं जिन्होंने हाल ही में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है________**भारोत्तोलन।**

   **नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- 26 वर्षीय भारतीय ने इस प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- स्वर्ण पदक चीन की होउ झिहुई के पास गया जिन्होंने स्नैच में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।
- प्रत्येक 4 वर्षों में एक बार आयोजित होने वाले एशियाई खेल, ओलंपिक के बाद दूसरी सबसे बड़ी बहु-खेल प्रतिस्पर्धा है।

**5.** किस टीम ने स्पेन के सेविले में कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट जीता है_______**बार्सिलोना।**

**नोट:**

- बार्का ने ला कार्टूजा स्टेडियम, सेविले में फाइनल के दूसरे भाग में अपने सभी गोल करते हुए स्पेनिश किंग्स कप ट्रॉफी अर्जित की।
- फ्रांसीसी स्टार एंटोनी ग्रिजमैन ने पहला गोल 59वें मिनट में बाएं पैर के शॉट से करके बार्सिलोना को बढ़त दिला दी।
- डच मिडफील्डर फ्रेंकी डी जोंग ने 63वें मिनट में डाइविंग हेडर के साथ अंतर को दोगुना कर दिया।

**6.** एटीपी मास्टर्स 1000 सीरीज़ टेनिस टूर्नामेंट किसने जीता _______**स्टेफानोस सितसिपास।**

**नोट:**

- ग्रीक स्टार इस स्तर पर अपने पिछले दो फाइनल हार गए थे, राफेल नडाल ने उन्हें टोरंटो में हराया था और नोवाक जोकोविच ने मैड्रिड में उन्हें पराजित किया था।
- रुबलेव ने क्वार्टर फाइनल में 11 बार के मोंटे कार्लो चैंपियन नडाल को हराया। रुबलेव ने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत, राफेल नडाल और डैन इवांस को हराकर फाइनल का रास्ता तय किया, लेकिन सितसिपास को नहीं हरा सके।

**7.** उस श्रीलंकाई क्रिकेटर का नाम बताइए, जिसे इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के एंटी करप्शन कोड का उल्लंघन करने के लिए क्रिकेट के सभी प्रारूपों से 8 वर्ष के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया__________ **दिलहारा लोकुहेटगे।**

**नोट:**

- यह प्रतिबंध 3 अप्रैल 2019 को लगाया गया था जब उन्हें अनंतिम रूप से निलंबित कर दिया गया।
- वह भ्रष्टाचार के आरोप में श्रीलंका के चौथे पूर्व खिलाड़ी थे।
- 2017 में T10 लीग के लिए 3 ECB एंटी करप्शन कोड का उल्लंघन करने के लिए उन्हें अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ECB) की ओर से ICC द्वारा दंडित किया गया था।

## पुस्तकें एवं लेखक

**1.** "बिलीव - व्हाट लाइफ़ एंड क्रिकेट टॉट मी" किस भारतीय क्रिकेटर का संस्मरण है________**सुरेश रैना।**

**नोट:**

- पुस्तक में सुरेश रैना के बारे में बताया गया है, इसमें उनके जीवन, एक युवा क्रिकेटर के रूप में उनके सामने आई चुनौतियों का वर्णन है।
- वह उत्तर प्रदेश से हैं।
- वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों (टेस्ट, ODI, T20I) में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हैं।

**2.** बाल कथा पुस्तक "द क्रिसमस पिग" किसने लिखी है__________ **जे.के. रॉलिंग।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- कहानी जैक नाम के लड़के और उसके खिलौने ड्यूर पिग की है, जो क्रिसमस की पूर्व संध्या पर खो जाता है।
- हैरी पॉटर के बाद से "द क्रिसमस पिग" रॉलिंग का पहला बाल उपन्यास है।
- रॉलिंग ने पिछले वर्ष महामारी के दौरान "द इकाबबॉग" के विमोचन के साथ लेखन में वापसी की।

**3.** "वांडरर्स, किंग्स, मर्चेंट्स: द स्टोरी ऑफ इंडिया थ्रू इट्स लैंग्वेजेस" नामक पुस्तक किसने लिखी ________**पैगी मोहन।**

**नोट:**

- पुस्तक पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई थी।
- पुस्तक का तर्क है कि प्रारंभिक संस्कृत की कहानी, उर्दू के उदय, उत्तर पूर्व में भाषा के गठन जैसी भाषाओं के समावेशी अध्ययन के माध्यम से सभी भारतीय मिश्रित मूल के हैं।
- पुस्तक संचार भाषा पर प्रवासन प्रभावों का पता लगाने के लिए भाषा विज्ञान और इतिहास को जोड़ती है।

**4.** "द कर्स्ड इनहेरिटेंस" नामक उपन्यास किसने लिखा जो कहानियों के माध्यम से विरासत के संरक्षण के महत्व पर योगदान देता है________**सुतापा बासु।**

**नोट:**

- पुस्तक रीडोमेनिया पब्लिशिंग द्वारा प्रकाशित की गई है।
- पुस्तक वास्तुकला, सामाजिक रीति-रिवाजों, परिवहन के साधनों और भोजन के माध्यम से कोलकाता की विरासत का समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है।
- सुतापा बासु यूफियस लर्निंग में लर्निंग सॉल्यूशंस के निदेशक हैं।

## विज्ञान एवं रक्षा

**1.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने हाल ही में देश के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान हेतु सहयोग के लिए किस अंतरिक्ष एजेंसी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए________**नेशनल सेंटर फॉर स्पेस स्टडीज़ (CNES), फ्रांस।**

**नोट:**

- इस समझौते के तहत, फ्रांस भारत के गगनयान मानव अंतरिक्ष यान कार्यक्रम में योगदान देगा।
- गगनयान कक्षीय अंतरिक्ष यान परियोजना को अगस्त 2018 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य मूल रूप से 2022 में देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारतीय भूमि से एक अंतरिक्ष यात्री भेजने का था। परीक्षण यान इंस्ट्रूमेंट ह्यूमनॉइड रोबोट ले जाएगा।
- यह कैप्सूल अहमदाबाद के तट से दूर अरब सागर में गिरने से पहले सात दिनों के लिए 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर चक्कर लगाएगा।

**2.** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) ने अपने आर्टेमिस प्रोग्राम के लिए किस कंपनी के साथ 2.89 बिलियन डॉलर का अनुबंध किया________ **स्पेसएक्स।**

**नोट:**

- इस अनुबंध का कुल मूल्य 2.89 बिलियन डॉलर है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- ➢ स्पेसएक्स 2024 तक लूनर साउथ पोल क्षेत्र में एक महिला अंतरिक्ष यात्री सहित दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने के लिए एक अंतरिक्ष यान 'स्पेसएक्स स्टारशिप' विकसित करेगा।
- ➢ नासा का उद्देश्य आर्टेमिस कार्यक्रम के भाग के रूप में चंद्रमा की सतह पर पहले पर्सन ऑफ कॉलर को ले जाना है।

**3.** कौन सी अंतरिक्ष एजेंसी विश्व पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में चार अंतरिक्ष यात्रियों को भेजेगी_______**नासा।**

**नोट:**

- ➢ नासा को स्पेसएक्स के साथ मिशन शुरू करना है।
- ➢ यह क्रू ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की दूसरी क्रू ऑपरेशनल फ्लाइट है।
- ➢ यह मिशन चार वैज्ञानिकों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचाएगा।
- ➢ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले अंतरिक्ष यात्री नासा, JAXA और ESA से हैं। JAXA जापानी अंतरिक्ष एजेंसी है और ESA यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी है।

**4.** भारतीयों ने किस देश के साथ संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'खंजर' आयोजित किया _______**किर्गिस्तान।**

**नोट:**

- ➢ दो सप्ताह तक चलने वाला अभ्यास ऊंचाई, पहाड़ों और उग्रवाद पर केंद्रित है।
- ➢ भारत और किर्गिज गणराज्य के बीच सामरिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए 2011 से भारत और किर्गिस्तान के विशेष सैन्य बलों के बीच अभ्यास आयोजित किया जा रहा है।

**5.** लूना 25 किस देश का लूनर मिशन है, जिसे अक्टूबर 2021 तक लॉन्च किया जाएगा________ **रूस।**

**नोट:**

- ➢ रोस्कोसमोस रूस का राज्य अंतरिक्ष निगम है जो अंतरिक्ष उड़ानों, एयरोस्पेस अनुसंधान और कॉस्मोनॉमिक्स कार्यक्रमों के लिए उत्तरदायी है।
- ➢ मिशन एक लैंडर ले जाएगा। लूना 25 का प्राथमिक उद्देश्य लैंडिंग तकनीक साबित करना है।
- ➢ यह मिट्टी के नमूनों को इकट्ठा करने के लिए एक रोबोटिक आर्म और ड्रिलिंग हार्डवेयर सहित तीस किलो ग्राम वैज्ञानिक उपकरण ले जाएगा।

**6.** स्वदेश निर्मित ALH (एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर) Mk-III एयरक्राफ्ट की पहली यूनिट को भारतीय नौसेना में कहां पर कमीशन किया गया था________ **INS हंसा, गोवा।**

**नोट:**

- ➢ INAS 323 स्क्वाड्रन में 3 ALH Mk III शामिल होंगे। इसकी कमान कमांडर सैमिक नंडी संभालेंगे।
- ➢ ALH को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है।
- ➢ स्क्वाड्रन खोज और बचाव कार्यों, स्पेशल ऑपरेशन और तटीय निगरानी जैसी भूमिकाएं निभाएगी।

**7.** नासा के प्रायोगिक मार्स हेलीकॉप्टर का नाम बताएं जो मंगल पर संचालित, नियंत्रित उड़ान वाला पहला हेलीकॉप्टर बन गया__________**इनजेन्युटी।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- इनजेन्युटी एक छोटा 4 पाउंड (1.8 किग्रा) का हैलीकॉप्टर है, जो 1903 राइट फ्लायर (किट्टी हॉक) से विंग फैब्रिक ले गया जो वायु संचालित विमान की तुलना में भारी है।
- नासा ने कार्बन फाइबर ब्लेड के साथ एक 19 इंच (48 सेमी) लंबा कॉप्टर बनाने के लिए लगभग 85 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है।
- इनजेन्युटी को पर्सीवरेंस रोवर के साथ मंगल पर ले जाया गया और जेज़ेरो क्रेटर के अंदर उतारा गया।

**--------------0--------------**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

# Gradeup Green Card

## Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co